रक्षा सेवा में अधिकारी बनने हेतू महाराष्ट्र के युवको सुनहरा अवसर

सत्यमेव जयते

Notification for admission to SPI

महाराष्ट्र शासन

सैनिकी सेवापूर्व शिक्षण संस्था, छत्रपती संभाजीनगर

१. रक्षा सेवा में बतौर अधिकारी नियुक्ति के लिये महाराष्ट्र के युवकको अधिकसे अधिक संख्या में अवसर प्राप्त हो सके, इसके लिये छत्रपती संभाजीनगर में सैनिकी सेवा पूर्व शिक्षण संस्था की स्थापना महाराष्ट्र सरकार ने की है. जून २०२५ में शूरू होने वाली छत्रपती संभाजीनगर स्थित युवकोंकी आगामी ४९वी बॅच के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं.

२. **पात्रता** :- (अ) अविवाहित (युवक) (ब) **उम्मीदवार महाराष्ट्र राज्य तथा कर्नाटका राज्य के बिदर / बेलगावी / कारवार जिल्होके अधिवासी (Domicile) होना चाहिये**. (क) जन्मतिथी ०२ जनवरी २००८ से ०१ जनवरी २०११ के बीच (ड) मार्च / अप्रैल / मई २०२५ में होनेवाले माध्यमिक शालांत परीक्षा (दसवी) परीक्षा में शामिल होनेवाला, (इ) जून - २०२५ में कक्षा ११ वी में प्रवेश के लिये पात्र होना चाहिये.

३. **शारीरिक पात्रता** :- सैन्यदल में अधिकारी बनने के लिये दिये गये सभी मापदंडो के लिये पात्र होना चाहिये. UPSC ने NDA और INA के लिये निर्धारीत शारीरिक मापदंड हेतु पात्र होना चाहिये. ये मापदंड UPSC तथा संस्था के संकेत स्थल पर उपलब्ध है. कुछ प्रमुख मापदंड लंबाई कम से कम १५७ सेमी. वजन ४३ किलो. सीना न फुलाते ७४ से. मी. फुलाने के बाद ७९ से. मी. रात्री दृष्टिदोष अथवा रंग दृष्टिदोष नही होना चाहिये. आँखों कि पावर NDA / INA के लिये UPSC के नोटीफिकेशन के आधार पर रहेगी.

४. **लिखित परीक्षा और साक्षात्कार** :- पात्र उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा अंग्रेजी माध्यम से **२० अप्रैल २०२५** को विविध केंद्रोंपर आयोजित की जायेगी. परीक्षा में एक ही प्रश्नपत्रिका में ६०० अंक के बहुवैकल्पिक Multiple Choice Questions, ७५ गणित के तथा ७५ सामान्य ज्ञान General Ability Test (GAT) के कुल १५० प्रश्न होंगे. हर सही उत्तर के लिये (४) अंक दिये जायेंगे और गलत उत्तर के लिये (-१) मार्क दिया जायेगा. लिखित परीक्षा साधारणत: कक्षा ८ वी से १० वी के स्टेट बोर्ड तथा सी. बी. एस. ई. के पाठयक्रम पर आधारित होगी. सफल परीक्षार्थियों को साक्षात्कार के लिये आमंत्रित किया जायेगा.

५. ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट www.spiaurangabad.com पर उपलब्ध है. परीक्षा शुल्क रूपये ४५०/- (अप्रतिदेय) का भुगतान ऑनलाईन केवल क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड अथवा नेट बैंकिंग इत्यादि के जरीये करना होगा. डिमांड ड्राफ्ट अथवा चलान व्दारा भरा गया परीक्षा शुल्क स्वीकार नही किया जायेगा. प्रवेश आवेदन संस्था के नियमों और शर्तो के अनूसार भरा नही गया, तो आवेदन को नामंजूर कर दिया जायेगा. इसी तरह परीक्षा शुल्क नही लौटाया जायेगा.

६. प्रवेश आवेदन **स्वीकारने** की अंतिम तिथी:- **२८ फरवरी २०२५ शाम ६.०० बजे तक.**

७. हॉल टिकट:- दिनांक **१० अप्रैल २०२५** सुबह १०.०० के बाद संस्था के वेबसाईटसे डाउनलोड किये जा सकते है.

९. परीक्षा संबंधित सूचनाओं के लिये समय-समय पर वेबसाईट www.spiaurangabad.com का अवलोकन करते रहे. अन्य कही पर भी इस बारे में कोई सूचना नही दी जायेगी.

हस्ताक्षर/-
(एस फिरासत)
मेजर (निवृत्त)
प्रभारी संचालक

सैनिकी सेवापूर्व शिक्षण संस्था * छत्रपती संभाजीनगर * महाराष्ट्र शासन